भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1088
05 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बीबीनगर में एम्स की स्थापना

†1088. श्री अरविंद धर्मापुरीः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेलंगाना राज्य में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), बीबीनगर की स्थापना के लिए इसकी मंजूरी से लेकर अब तक कुल स्वीकृत बजट कितना है,

(ख) निर्माण, चिकित्सा उपकरणों की खरीद तथा परिचालन व्यय हेतु आज तक जारी और उपयोग की गई कुल धनराशि (करोड़ रुपये में) वर्ष-वार कितनी है,

(ग) कार्यरत हॉस्पिटल बेड की संख्या, निर्माणाधीन कार्य, फैकल्टी की उपलब्धता और एक्टिव सुपर-स्पेशियलिटी डिपार्टमेंट की संख्या सहित संस्थान की अभी की परिचालन स्थिति क्या है, और

(घ) बीबीनगर एम्स को देश के दूसरे एम्स की तरह पूर्ण रूप से कार्यशील बनाने के लिए सभी अवसंरचना और जरूरी सुविधाओं को पूरा करने की अनुमानित समय-सीमा क्या है और यदि कोई देरी हुई है तो उसका ब्यौरा क्या है और उसके क्या कारण हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख) बीबीनगर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना के लिए अनुमोदित परियोजना लागत 1,365.95 करोड़ रुपए है। अब तक, सिविल निर्माण के लिए 939.26 करोड़ रुपए और चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए 108.01 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। अब तक, परिचालन व्यय को पूरा करने के लिए एम्स, बीबीनगर को सहायता अनुदान के रूप में 851.85 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है।

(ग) और (घ) वर्तमान में, यह संस्थान 200 आईपीडी बिस्तरों के साथ कार्यशील है, और ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 1625 रोगी आते हैं। वर्तमान में, 34 विभागों में 132 संकाय कार्यशील हैं, जिनमें 10 सुपर स्पेशियलिटी विभाग : बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरोसर्जरी, कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी/हेमटोलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, आदि शामिल हैं । एम्स, बीबीनगर के सिविल कार्यों की प्रगति 86% है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में, विभिन्न विभागों/सुविधा केन्द्रों को चरणबद्ध तरीके से कार्यशील बनाया जा रहा है।

******